कोलकाता सन्मार्ग
शुक्रवार, 13 दिसम्बर, 2024

# सेंट जेवियर्स यूनिवर्सिटी ध्यान केन्द्रित कर रहा है एआई पर

**15 फरवरी, 2025 को दीक्षांत समारोह होगा आयोजित**

**प्रत्येक बी. टेक कोर्स में 60 सीटें होंगी उपलब्ध**

**बी.टेक पाठ्यक्रमों के लिए बुनियादी ढांचा विकसित करने की प्रक्रिया जारी**

सन्मार्ग संवाददाता

**कोलकाता :** सेंट जेवियर्स यूनिवर्सिटी अपने 6वां दीक्षांत समारोह की तैयारी कर रहा है, जो 15 फरवरी, 2025 को आयोजित किया जाएगा। गुरुवार को विवि के वीसी फादर जॉन फेलिक्स राज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए इसकी घोषणा की है। उन्होंने बताया कि निजी विश्वविद्यालय आठ पीएचडी विद्वानों सहित लगभग 860 स्नातकों को डिग्री प्रदान करेगा। इस समारोह में मेघालय उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आई पी मुखर्जी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार में उनके महत्वपूर्ण योगदान के सम्मान में, वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के संस्थापक और वीसी जी विश्वनाथन को मानद डी.लिट. की उपाधि दी जाएगी। इस कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस के भी शामिल होने की उम्मीद है। इसके अतिरिक्त, सेंट जेवियर्स 20 दिसंबर को शैक्षिक नेताओं और समर्थकों के लिए क्रिसमस समारोह की मेजबानी करेगा।

## एआई केंद्रित इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम शुरू होगा

सेंट जेवियर्स यूनिवर्सिटी 2026 में इंजीनियरिंग स्कूल शुरू करेगी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और कंप्यूटर साइंस में बी.टेक प्रोग्राम शुरू करेगी। कुलपति फादर फेलिक्स राज ने कहा कि वे एआई पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं क्योंकि यह एक उभरता हुआ क्षेत्र है जिसमें कई नौकरियां पैदा करने की क्षमता है क्योंकि उद्योग विशेषज्ञता वाले पेशेवरों की तलाश कर रहे हैं। न्यू टाउन में विश्वविद्यालय ने वाणिज्य और मानविकी में पाठ्यक्रमों के साथ शुरुआत की और 2022 में सांख्यिकी और कंप्यूटर विज्ञान में पाठ्यक्रमों के साथ विज्ञान विद्यालय शुरू किया। वीसी ने कहा कि विश्वविद्यालय बी.टेक पाठ्यक्रमों के लिए बुनियादी ढांचा विकसित करने की प्रक्रिया में है। फादर फेलिक्स राज ने कहा कि इंजीनियरिंग स्कूल डिजाइन में डिप्लोमा कोर्स भी प्रदान करेगा। सेंट जेवियर्स यूनिवर्सिटी में, प्रत्येक बी. टेक कोर्स में 60 स्टूडेंट्स होंगे।



सेंट जेवियर्स यूनिवर्सिटी के वीसी फादर रेव. डॉ. जॉन फेलिक्स राज

हम 2026 में एआई और कंप्यूटर साइंस में बी.टेक कार्यक्रमों की शुरुआत के साथ अपना इंजीनियरिंग स्कूल शुरू करेंगे। विश्वविद्यालय इसके लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा विकसित करने की प्रक्रिया में हैं। एआई और मशीन लर्निंग ऐसे क्षेत्र हैं जो तेजी से उभर रहे हैं। फादस फेलिक्स ने मेट्रो को बताया कि विश्वविद्यालय बी.टेक कक्षाओं और कार्यशालाओं के लिए एक अलग भवन का निर्माण कर रहा है।